सं. 16/6/2021 – रा. भा. (सेवा) पार्ट – I
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी – II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 16 दिसम्बर, 2021

परिपत्र

विषय: हिंदी के रिक्त पदों पर परामर्शदात्ता की नियुक्ति के संबंध में।

विभिन्न मंत्रालयों/कार्यालयों /विभागों द्वारा समय – समय पर हिंदी के रिक्त पदों को भरने हेतु अनुरोध करते हैं, परन्तु अनेक अवसरों पर संवर्ग में कोई अनुवादक उपलब्ध न होने के कारण राजभाषा विभाग हिंदी के रिक्त पद को भरने में तत्काल समर्थ नहीं होता है।

2. उपरोक्त के संबंध में मंत्रालयों/कार्यालयों/विभागों से केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों को अवगत करवाया जाता है कि अपनी सहमति परामर्शदाता के रूप में देने हेतु स्वेच्छा से अपना जीवनवृत्त राजभाषा विभाग की वेबसाइट **rajbhasa.nic.in** तथा ई – मेल **bl.meena81@gov.in** पर संलग्न प्रोफॉर्मा में भरकर उपलब्ध करवाएं।

3. राजभाषा विभाग में जीवनवृत्त प्राप्त हो जाने के उपरांत राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के भागीदार मंत्रालयों/ कार्यालयों/ विभागों को जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु पत्र जारी किया जाएगा ताकि मंत्रालय/ कार्यालय/ विभाग अपनी सुविधानुसार सेवानिवृत्त कार्मिकों का चयन परामर्शदात्ता के पद पर कर सकें।

4. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

संलग्न: उपरोक्त के अनुसार

16/12/2021

(हेमलता)
अवर सचिव (सेवा)

सेवा में,
1. केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग से सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी।
2. तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया इस परिपत्र को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।

जीवनवृत्त

फोटो

1.	नाम	
2.	पिता का नाम	
3.	जन्म तिथि	
4.	दूरभाष सं.	
5.	ई – मेल	
6.	घर का पता	
7.	शैक्षणिक योग्यता	
8.	कार्य का अनुभव	
9.	पद से सेवानिवृत्त	
10.	सेवानिवृत्ति की तिथि	
11.	परामर्शदात्ता के पद हेतु सहमति	

दिनांक:

आवेदक के हस्ताक्षर